B.A. Part - II, Paper - IV
Social Research Methods
Dr. Smita Kumari, Assistant Professor, Marwari college, Darbhanga.

Lecture no - 34.

TOPIC अनुसूची के गुण (लाभ)
(Merits or advantages of schedule).

अनुसूची सामाजिक अनुसंधान में संलग्न शोध कार्यकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। इसे सामाजिक अनुसंधान में बहुत ही उपयोगी प्रविधि माना जाता है। इसकी निम्नलिखित उपयोगिताएं अथवा गुण हैं —

1. प्रामाणिक एवं विश्वसनीय सूचनाएं (valid and Reliable Informations) — अनुसूची में स्वयं अनुसंधानकर्ता साक्षात्कार तथा अवलोकन के आधार पर वैध तथा विश्वसनीय सूचनाओं को संकलित करता है।

Scanned by CamScanner

classmate

Date ______
Page ______

2. व्यक्तिगत सम्पर्क (Personal contact) - अनुसूची को भरने के लिए अनुसन्धानकर्ता सूचनादाता से व्यक्तिगत व आमने-सामने के सम्पर्क में आता है। इससे सूचनादाता के मन में आत्मीयता की भावना पैदा हो जाती है और वह तथ्यों को सही-सही उत्तर दे देता है। अनुसन्धानकर्ता सूचनादाता के मन में उत्पन्न हो सम्भावित उत्पन्न भय, सन्देह और भ्रम को भी दूर कर देता है।

3. सूचनाएं लिखने की सुविधा (facility of Nothing the Data) - अनुसूची द्वारा संकलित तथ्य हमारे पास लिखित रूप में उपलब्ध रहते हैं, अतः हमें अपनी स्मरण-शक्ति एवं कल्पना पर आश्रित नहीं रहना पड़ता। क्या प्रश्न पूछने हैं, यह अनुसूची में पहले से ही लिखा होता है, अतः किसी सूचना के छूट जाने या भूल जाने की सम्भावना भी नहीं रहती।

4. सभी वर्गों के लिए उपयोगी (Useful for all strata) - अनुसूची का उपयोग समाज के सभी वर्गों चाहे वे शिक्षित हो या अशिक्षित, के लिए किया जा सकता है।

Scanned by CamScanner

classmate
Date
Page

~~क्योंकि~~ अनुसन्धानकर्ता अपनी उपस्थिति के कारण आपेक्षित की भी इकाई की सहायता से सूचनाएं संकलित कर लेता है।

5. अवलोकन की सुविधा (Facility of observation) — अनुसूची में अनुसंधानकर्ता को इकाईयों का उत्तर भरने के साथ-साथ अवलोकन की सुविधा भी रहती है। अतः वह घटनाओं की वास्तविकता को समझ सकता है।

6. सांख्यिकीय विश्लेषण सरल (Statistical Analysis Easier) — अनुसूची में इकाइयों की स्पष्टता एवं सारणियां होने के कारण इस सूचनाओं का सांख्यिकीय विश्लेषण सरलता से किया जा सकता है।

7. साक्षात्कार एवं अवलोकन का लाभ — अनुसूची में अवलोकन एवं साक्षात्कार दोनों विधियों के प्रयोग होने से इसमें दोनों विधियों के गुण पाये जाते हैं।

Scanned by CamScanner

दोषपूर्ण निष्कर्ष से बचाव — अनुसूची में अनुसंधानकर्ता स्वयं ही प्रश्नों को लेखबद्ध करता है, अतः यह इनके द्वारा निष्कर्ष पर आने वाले दोषों से बच जाता है तथा निश्चित सामग्री को सरलता से संग्रहित सका हो

Sunita Kumari
29/5/20